किशमिश, चाय–कॉफी, फल–सब्जी आदि हेतु घोषणाएँ कर श्रद्धालु यहां सामग्री भेज रहे हैं। आप अपने नगर में समाजजनों को एकत्रित कर सामग्री भेजने के लिए पारस चैनल पर गोम्मटेश्वर के प्रतिनिधि मंडल का नाम व नंबर प्राप्त कर सकते है।

जनरल सेक्रेटरी श्री सतीशचंद जैन दिल्ली एवं कलश आवंटन समिति के संयोजक श्री अशोक सेठी बेंगलूरू ने कलश आवंटन संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि आर्थिक रूप से विपन्नजनों के लिए भी निःशुल्क गुल्लिका अर्ध्य कलश रखे गए हैं, देशभर में कलश बुकिंग का कार्य उत्साह से चल रहा है।

30 आचार्य व 400 पिच्छीधारी संत होंगे सम्मिलित –

त्यागी व्यवस्था उपसमिति के अध्यक्ष श्रीपाल गंगवाल गेवराई ने बताया कि महामस्तकाभिषेक महोत्सव में 30 आचार्यों सहित 400 पिच्छीधारी संतो व हजारों त्यागीजनों के सम्मिलित होने की संभावना है। 150 से अधिक चौके बुक हो चुके है। महोत्सव स्थल पर त्यागी नगर का निर्माण हो चुका है। संतो की व्यवस्था में कोई तकलीफ नहीं आएगी। सम्पूर्ण देशभर से दिगम्बर साधु सैकड़ों किलोमीटर का पद विहार कर श्रवणबेलगोला पधार रहे है।

द्वितीय सत्र में समागत पत्रकार–संपादकों का शॉल, स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं के विशेषांकों का विमोचन परम पूज्य जगद्गुरू कर्मयोगी स्वस्ति श्री चारुकीर्तिजी भट्टारक स्वामीजी व मंच पर विराजित अतिथियों ने किया। श्रीमती बबीता संदीप जैन दिल्ली द्वारा संपादित पुस्तक माइनोरिटी बेनेफिट का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में पधारें अनेको पत्रिकाओं का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अनेको पत्रकारों के साथ गोलालारीय समाज के जानी मानी पत्रिकाओं के संपादक भी उपस्थित रहे। दैनिक विश्व परिवार झाँसी से श्री प्रवीण जैन, जैन प्रचारक/वीर पत्रिका दिल्ली से प्रदीप जैन, छतरपुर टाइम्स से सनत कुमार जैन, टीकमगढ़ से सुभाष जैन, छतरपुर से नवनीत जैन बंटी ब्यूरो चीफ आई टी वी, गोलालारीय दर्शन से राजेन्द्र जैन 'बागो' आदि उपस्थित रहे।

संचालन राजेन्द्र जैन महावीर सनावद एवं आभार प्रदर्शन कॉर्पोरेशन बैंक के पूर्व निदेशक सी.ए. आदिशकुमार जैन दिल्ली ने किया।

मंच पर मुख्य अतिथि कन्नड़ साहित्यकार डॉ. हम्पा नागराजैय्या बैंगलुरु, विशेष अतिथि श्री संदीप जैन, उपसचिव अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली, पी.वाय. राजेन्द्र कुमार, श्री अशोक बड़जात्या इन्दौर, पं. भरत काला मुंबई, एडवोकेट अनूपचंद जैन फिरोजाबाद, श्री शैलेष कापड़िया सूरत, श्री रावसाहिब पाटिल सोलापुर, श्री एस.एन. अशोक कुमार श्रवणबेलगोला उपस्थित थे। संचालन राजेन्द्र जैन 'महावीर' संपादक मंगल कलश बुलेटिन श्रवणबेलगोला सनावद ने किया। आभार प्रदर्शन संगोष्ठी व प्रचार कमेटी के संयोजक श्री स्वराज जैन टाइम्स ऑफ इण्डिया ने किया। देशभर से प्रकाशित समाचार पत्रों व विशेषांकों को श्री दिलीप पाटिल के सहयोग से डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया।

पूज्य स्वामीजी के साथ किया महोत्सव स्थल का अवलोकन

सभी समागत पत्रकारों संपादकों को परमपूज्य जगद्गुरू कर्मयोगी स्वस्ति श्री चारुकीर्तिजी भट्टारक स्वामीजी व प्रचार उपसमिति अध्यक्ष श्री पुनीत जैन, संयोजक श्री स्वराज जैन आदि ने 400 एकड़ में फैले महोत्सव स्थल का निरीक्षण कराया व बताया कि किस तरह से मेला स्थल की व्यवस्था रहेगी। अत्याधुनिक अभूतपूर्व व्यवस्था को पूर्व के अनुभवों के आधार पर सुधार के साथ नियोजित किया गया है। सभी व्यवस्थाएँ उच्च स्तरीय व उत्कृष्ट थी, जिन्हें देखकर सभी ने संतुष्टि प्रकट की व अपने प्रश्नों का समाधान पूज्य स्वामीजी से प्राप्त किया।

– राजेन्द्र जैन 'महावीर', सनावद

कार्यक्रम की झलकियाँ...